## एक नजर में

### दीपोत्सव पर किया आध्यात्मिक आयोजन

**तलेन 18 अक्टूबर, सं.** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय मे दीपावली के उपलक्ष में आध्यात्मिक रहस्य कार्यक्रम का आयोजन किया. सभी भाई बहनों को तिलक एवं पटा पहना कर सम्मान किया महालक्ष्मी जी की पूजा की. बीके तेजस्वी दीदी ने दीपावली का महत्व बताया की दीपावली में सब अपने घरों की सफाई करते हैं इसी तरह हम भी अपने अंदर की सफाई कर दीपराज शिव बाबा से हम शिवा परमपिता परमात्मा के ज्ञान से हर एक आत्मा का दीप जलाएं साफ सफाई का रहस्य बताया कि अपना पुराने विकारों को परमात्मा की याद से खत्म कर नए जीवन का आरंभ करना जिसमें सभी ईश्वरीय परिवार जुड़े हुए भ्राता शिव प्रसाद शर्मा जी भ्राता चंद्र उस्ताद यादव जीभ्राता कैलाश मोहन यादव जी भ्राता गोवर्धन सर उम्र जी भ्राता सिद्धू राठौर जी भ्राता कैलाश से न भ्राता अरुण अग्रवाल भ्राता मनोहर सोनी डॉक्टर शिवनारायण सक्सेना भ्राता भागवत पवार भ्राता हरिओम जी यादव सभी ने दीपावली धनतेरस की शुभकामना दी कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुएबीके देव दीदी ने धनतेरस का रहस्य बताएं उन्होंने कहा घर की सफाई करते हैं सफाई करना अर्थात सत्य स्वरूप में स्थित होना यानी लक्ष्मी जी का आह्वान करते हैं तो वह लक्षण जो श्रेष्ठ है उसका हम आवाहन करें जैसे लक्ष्मी जी के हाथों से धन भी खेतीहै ऐसे हम अपने जीवन को भी परमात्मा की याद से अपनेजीवन कोअमूल्य धन से संपन्न कर दे तभी हम सही मायने में दीपावली मनाएंगे उन्होंने आत्मज्ञान की रोशनी में काम क्रोध लोभ मोह अहंकार और अलसी की अमावस्या को जलन और शुद्ध स्नेह शांति संतोष आत्मिक भाव और नम्रता की पूर्णमासी अर्थात पूर्णता युग का आवाहन किया महालक्ष्मी की आरती कर परमात्मा को भोग लगाकर सबका मुंह मीठा कराया

### कार्यकर्ता, सहायिकाओं के नियुक्ति पत्र जारी किए

**खिलचीपुर 18 अक्टूबर, सं.** खिलचीपुर में महिला एवं बाल विकास परियोजना ने 35 आंगनवाड़ी केंद्रों पर कार्यकर्ता और सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र जारी किए हैं. परियोजना अधिकारी ने चयनित अभ्यर्थियों को विधिवत नियुक्ति आदेश सौंपे. महिला एवं बाल विकास विभाग ने जुलाई माह में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका के रिक्त पदों को भरने के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू की थी। खिलचीपुर परियोजना के तहत कुल 113 केंद्रों पर भर्ती निकाली गई थी, जिनमें से 110 केंद्रों के लिए एमपी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन प्राप्त हुए थे. जांच और प्राप्त आपत्तियों के निराकरण के बाद 35 ऐसे केंद्र चिन्हित किए गए, जिन पर कोई आपत्ति नहीं मिली थी. इन्हीं केंद्रों के लिए नियुक्ति प्रक्रिया पूरी कर अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र जारी किए गए हैं.

### शिक्षक दिनेश शाक्यवार को मातृ शोक

**ब्यावरा 18 अक्टूबर, का.** सेवानिवृत्त बीएसएनएल अधिकारी कंवरलाल शाक्यवार की धर्मपत्नि श्रीमती माधुरी देवी शाक्यवार का शनिवार को अस्वस्थता के चलते लगभग 74 वर्ष की आयु में स्वर्गवास हो गया. शिक्षक दिनेश शाक्यवार, इंजीनियर चंद्रेश शाक्यवार, भूपेश शाक्यवार की माता जी एवं पूर्व पार्षद गिरीश शाक्यवार ताईजी श्रीमती शाक्यवार काफी सहज, सरल एवं धार्मिक प्रवृति की थी. स्थानीय मुक्तिधाम पर उनका अंतिम संस्कार किया गया जिसमें बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिको, समाज बंधुओं ने शामिल होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की

# हर संकट में किसानों के साथ खड़ी है सरकार

## मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने 277 करोड़ रुपये की राहत राशि का वितरण किया, जिले में करोड़ों के विकास कार्यों की सौगात

**33 करोड़ रुपये लागत वाली जल प्रदाय योजना का भूमिपूजन**

**193 करोड़ के 41 कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण**





नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 18 अक्टूबर, का. किसानों के हर संकट में प्रदेश एवं केन्द्र सरकार साथ खड़ी हैण् हमारी सरकारों ने किसानों एवं हर वर्ग के हितो की चिंता करते हुए सभी का सम्मान किया है. कांग्रेस शासनकाल में किसानों को होने वाली परेशानियां किसी से छुपी नहीं है. आज प्रदेश एवं केन्द्र सरकार किसानों के हर दुख-सुख में साथ खड़ी हुई है. आज प्राकृतिक प्रकोप से किसानों की फसल को नुकसान हुआ है तो शासन ने दिल खोलकर मदद की है.**

उक्त बात प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने ब्यावरा में नवीन दशहरा मैदान पर आयोजित फसल क्षति राहत राशि के वितरण एवं विकास कार्यो का भूमिपूजन व लोकार्पण कार्यक्रम में कही. आपने कहा कि किसानों को कोई चिंता करने की जरुरत नहीं है. किसान सम्मान निधि के रूप में केंद्र और राज्य सरकार द्वारा 6.6 हजार रुपए की राशि देने का कार्य किसानों का सम्मान है. मुख्यमंत्री ने जिले के प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानों के खातों में 277 करोड़ की राहत राशि अंतरित की. इस अवसर पर राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार, गौतम टेटवाल, सांसद रोडमल नागर, जन अभियान परिषद उपाध्यक्ष मोहन नागर, विधायक अमर सिंह यादव, हजारीलाल दांगी, मोहन शर्मा, जिला भाजपा अध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर, नपाध्यक्षा श्रीमती लीलादेवी कुशवाह, जनपद अध्यक्ष श्रीमती राधाबाई गुर्जर, जन प्रतिनिधि, किसान, आमजन उपस्थित रहे.

### ब्यावरा नगर का मन मोहा मोहन यादव ने

मुख्यमंत्री श्री यादव ने 226 .81 करोड़ रूपये की योजनाओं का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया, इनमें 33 करोड़ रूपये की ब्यावरा नगर जल प्रदाय योजना का भूमिपूजन एवं 193 करोड रूपये के 41 विकास कार्यो का भूमिपूजन एवं लोकार्पण शामिल है. मुख्यमंत्री ने राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार के आग्रह पर ब्यावरा नगर के पानी की समस्या का लंबे समय तक निदान करने की क्षमता रखने वाली मोहनपुरा पेयजल योजना की सौगात दी. इसके साथ ही ब्यावरा में अतिरिक्त कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बनाने, ब्यावरा में पीपल चौराहे से राजगढ़ बायपास चौराहा तक रोड चौड़ीकरण व उन्नयन तथा सुठालिया रोड का उन्नयन और चौड़ीकरण किए जाने व गिंदौरहाट, सेमलापार और बैरसिया हाई स्कूल का हायर सेकेण्डरी में उन्नयन करने की की घोषणा की. नगर विकास हेतु नगर पालिका ब्यावरा एवं नगर परिषद सुठालिया को विकास कार्यों के लिए 10-10 करोड़ रुपए की राशि देने की घोषणा की.

## कांग्रेस ने कहा तानाशाही पूर्वक रोका गया हमें



**ब्यावरा.** जिपं अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया को रोकते हुए पुलिस कर्मी.

कांग्रेस के नेताओं ने कहा कि हमारे कार्यकर्ताओ को भाजपा सरकार ने लोकतंत्र मे सरकार तक आवाज पहुंचाने के अधिकार का हनन करते हुए तानाशाही पूर्वक हमें रोका गया. पूर्व विधायक रामचन्द्र दांगी ने प्रेस नोट जारी करते हुए कहा कि हम लोग मुख्यमंत्री मोहन यादव को अपने क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओ को लेकर ज्ञापन देने जा रहे थे. पुलिस ने तानाशाही बताते हुए मुझे व मेरे साथ पूर्व विधायक पुरुषोत्तम दांगी, विजय सिंह सोंधिया, महिला कांग्रेस अध्यक्ष रचना भार्गव, ब्लॉक अध्यक्ष महेन्द्र यादव एवं चेन सिंह गुर्जर एवं बड़ी संख्या मे कांग्रेस कार्यकर्ताओ को हिरासत मे लेकर लोकतान्त्रिक अधिकार का हनन किया. साथ ही जिला पंचायत अध्यक्ष चन्दर सिंह जो उक्त कार्यक्रम के शासन द्वारा निर्धारित अतिथि थे उनको भी हिरासत मे लेकर प्रशासन और पुलिस ने यह बता दिया कि कांग्रेस द्वारा जनता के हक की आवाज उठाना उन्हें बर्दाशत नहीं है. श्री दांगी ने कहा कि पूरे जिले मे सोयाबीन फसल बर्बाद होने पर कांग्रेस द्वारा हर ब्लॉक मे प्रदर्शन किये और जिला कांग्रेस द्वारा राजगढ़ मे हजारों किसानों के साथ प्रदर्शन कर मुआवजे की मांग की तब जाकर दबाव मे प्रदेश सरकार ने मुआवजा दिया है. कांग्रेस ने कहा कि किसानों को यह मुआवजा भी ऊंट के मुंह में जीरे के समान है.

### राजगढ़ जिले की तस्वीर बदली

मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में देश तरक्की कर रहा है. आकांक्षी जिले के माध्यम से राजगढ़ की तस्वीर बदल गई है. जब से हमारी सरकार बनी है पूरे क्षेत्र में विकास की धारा बह रही है. पहले खेती और पानी की किल्लत से जूझना पड़ता था. अब प्रदेश में सिंचाई का रकबा इतना बढ़ गया है कि हर खेत को सिंचाई के लिए पानी मिल रहा हैण् उन्होंने कहा कि सूखे खेतों में समय पर पानी मिल जाए तो फसल सोने की हो जाती है. राजगढ़ जिले में बड़े-बड़े डेम की सौगात मिली है. सिंचाई के अपार साधन होने से जिला विकास की दौड़ में बहुत आगे है.

## झलकियां

- मुख्यमंत्री ने हेलीपेड से कार्यक्रम स्थल तक रोड शो करते हुए सड़क के दोनों और खड़े लोगों पर पुष्पवर्षा की.
- कार्यक्रम स्थल के यहां गौवंश पूजा की तथा विभिन्न विभागों की प्रदर्शनियों का अवलोकन किया.
- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सांसद रोडमल नागर द्वारा लिखी नरेंद्र मोदी : स्वयंसेवक से प्रधान सेवक पुस्तक का विमोचन किया.
- मोहन यादव को किसान हितेषी मुख्यमंत्री बताते हुए पूर्व राज्यमंत्री बद्रीलाल यादव ने सीएम को हल सौंपकर स्वागत किया.
- सीएम से मिलने जाने वाले इंका नेता और पूर्व विधायकगण रामचन्द्र दांगी, पुरषोतम दांगी को तथा दूसरी ओर जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया को पुलिस ने बल पूर्वक रोक दिया. इस दौरान इंका नेताओं की पुलिस से खूब झड़प भी हुई.
- मुख्यमंत्री यादव ने राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार को नारायण... नारायण.. नारायण.. के रूप में सम्मान करते हुए कहा कि आपकी हर मांग को मान लेंगे.

**प्रदेश की बिजली से दिल्ली की मेट्रो चल रही**

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक समय था जब बिजली आने का इंतजार करना पड़ता था. आज प्रदेश में बिजली की कोई कमी नहीं है. हमारे यहां की बिजली से दिल्ली की मेट्रो चल रही है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू कश्मीर में धारा 370 का कलंक मिटा दिया है.

# दुकान में चोरी नहीं कर पाए तो सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिए

### किराना दुकान में घुसे चोर, लेकिन नहीं ले जा पाए सामान




नवभारत न्यूज

**नरसिंहगढ़ 18 अक्टूबर, सं.** नगर के स्टेडियम स्थित मेडतवाल किराना स्टोर में बीती रात्रि अज्ञात चोरों ने चोरी का प्रयास किया. चोरों ने दुकान की शटर तोड़कर अंदर प्रवेश किया, लेकिन अधिक सामान नहीं ले जा सके. वारदात के दौरान उन्होंने दुकान में लगे दो सीसीटीवी कैमरे भी तोड़ दिए, जिससे उनकी गतिविधियां रिकॉर्ड नहीं हो सकीं. सुबह घटना की जानकारी मिलने पर दुकान संचालक उमेश गुप्ता ने तत्काल पुलिस को सूचना दी. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू की.

प्राथमिक अनुमान के अनुसार, चोर स्टेडियम की सीढ़ियों के रास्ते से अंदर घुसे और चोरी की कोशिश की. फिलहाल पुलिस आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है. गौरतलब है कि शहर में पिछले दिनों भी वाहन चोरी और अन्य चोरी की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिनमें पुलिस को अब तक कोई बड़ी सफलता नहीं मिल सकी है. त्योहारों के सीजन में जहां बाजारों में रौनक बनी हुई है, वहीं इस तरह की घटनाएं पुलिस गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही है.



# धनतेरस पर चमका दीवाली का बाजार

## सभी प्रकार के सामान की बिक्री से बाजार में बड़ी रौनक

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 18 अक्टूबर, का. जैसा की उम्मीद थी कि धनतेरस पर बाजार में अच्छी ग्राहकी होगी ठीक वैसा ही हुआ. बाजार में अच्छी खरीददारी का दौर चला. दीपावली पूर्व अच्छी ग्राहकी होने से बाजार चमक उठा. सभी सामानो की बिक्री एकाएक बड़ गई.**

विदित है कि इस बार कमजोर फसल जैसी विपरीत परिस्थितियों के बाद भी धनतेरस से बाजार में अच्छी ग्राहकी की शुरुआत हुई. आज और कल दीपावली पर भी बाजार में अच्छी ग्राहकी के साथ भारी भीड़ रहने की उम्मीद है. धनतेरस पर सभी प्रकार के सामान की प्रभावी बिक्री देखने में आयी. धनतेरस से दीपावली तक तो बाजार में पैर रखने तक की जगह नहीं मिलती है. ऐसा ही इस बार भी अच्छी ग्राहकी के चलते देखने को मिलेगा.

**भारी भीड़ में नहीं मिली जगह-** धनतेरस पर मैन मार्केट, सुठालिया रोड, गांधी चौक, पुराना नपा कार्यालय, सुभाष चौक, भरथरे चौक सहित पुराना ए.बी.रोड, राजगढ़ रोड आदि स्थानों पर दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ रही.

**वाहन, इलेक्ट्रॉनिक सामान की बिक्री-** धनतेरस पर दुपहिया एवं चार पहिया वाहनों, इलेक्ट्रॉनिक सामान एवं आभूषणों की भी अच्छी बिक्री हुई. नगर सहित जिले भर में धनतेरस पर अच्छी ग्राहकी रही.

### आरोग्य भारती ने जिला अस्पताल में की धन्वंतरि पूजन

**राजगढ़ 18 अक्टूबर, का.** आरोग्य भारती द्वारा जिला चिकित्सालय राजगढ़ में भगवान धन्वंतरि का पूजन किया गया. इस अवसर पर सभी ने नगरवासियों के उत्तम स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि एवं आरोग्य की कामना करते हुए भगवान धन्वंतरि से प्रार्थना की. कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ. रजनीश शर्मा, डॉ. राजेंद्र कटारिया, डॉ. देवाशीष मर्सकोले, डॉ. अमित कोली सहित अन्य सभी चिकित्सक उपस्थित रहे. आरोग्य भारती की ओर से डॉ. अभिनव विजयवर्गीय, सुमित पारिख एवं डॉ. स्वभाव आचार्य ने सहभागिता की. इस अवसर पर अस्पताल के वार्ड बॉय एवं अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे. पूरे आयोजन में श्रद्धा, सेवा और स्वास्थ्य के प्रति समर्पण का भाव झलकता रहा.







**त्यौहार** ▶ **ब्यावरा में स्टेडियम ग्राउण्ड पर लगा पटाखा बाजार, लेकिन व्यवस्थाएं अधूरी**


# नहीं बना पाए व्यवस्था, पटाखा बाजार में पसरा अंधेरा



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 18 अक्टूबर, का. दीपावली पर्व को लेकर नगर में स्थानीय क्लब ग्राउण्ड पर पटाखा बाजार लगाया गया है किंतु यहां लाईट की कोई व्यवस्था नहीं किए जाने से दुकानदारों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. धनतेरस की देर शाम तक यहां अंधेरा पसरा रहा.**

गौरतलब है कि नपा द्वारा क्लब ग्राउण्ड पर पटाखा बाजार लगाया गया है. यहां पर नपा को ही पेयजल, बिजली आदि अन्य व्यवस्थाएं करना है. परन्तु धनतेरस की देर शाम तक यहां लाईट की कोई व्यवस्था नहीं दिखी. इससे दुकानदारों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.

**कलेक्टर ने किया निरीक्षण**

कलेक्टर डा. गिरीश कुमार मिश्रा के द्वारा धनतेरस पर स्थानीय क्लब ग्राउण्ड पहुंचकर पटाखा बाजार का निरीक्षण कर यहां की व्यवस्थाएं तथा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए.

**दुकानदारों ने लगाई इमरजेंसी लाईट-** अंधेरा पसरा होने पर दुकानदारों द्वारा इमरजेंसी लाईट लगाकर उजाला किया. अंधेरा होने के कारण उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. गौरतलब है कि नपा द्वारा दुकानदारों से एक निर्धारित शुल्क लिया जाता है. परन्तु लाईट जैसी महत्वपूर्ण सुविधा के नहीं होने से दुकानदारों को कितनी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है इसका अंदाजा लगाया जा सकता है.

### पटाखा दुकानों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**नवभारत न्यूज, राजगढ़ 18 अक्टूबर, का.** दीपावली त्योहारों के चलते सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर शनिवार को कलेक्टर डा. गिरीश कुमार मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी द्वारा राजगढ़ स्टेडियम में बनाए गए अस्थाई पटाखा दुकानों का निरीक्षण किया गया. विक्रेताओं को सुरक्षा मानकों का पालन करने के निर्देश दिए गए एवं अग्निशमन यंत्रों की उपलब्धता की जांच की गई. इस दौरान एसडीएम सुश्री निधि भारद्वाज सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे. निरीक्षण के दौरान सभी पटाखा विक्रेताओं को निर्देशित किया कि वे दुकान पर अग्निशमन यंत्र, रेत से भरी बाल्टी तथा पानी की व्यवस्था अनिवार्य रूप से रखे तथा निर्धारित नियमों का पालन करें.


